भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

**राज्य सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या *266**

**18 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए**

**राष्ट्रीय इस्पात नीति**

***266. श्री डी॰ कुपेन्द्र रेड्डीः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय इस्पात नीति का लक्ष्य वर्ष 2025 तक देश की घरेलू इस्पात क्षमता को दोगुना करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस्पात क्षेत्र के पास लक्ष्य को पूरा करने के लिए पर्याप्त निधि है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं तथा इस प्रयोजनार्थ इस्पात क्षेत्र को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**इस्पात मंत्री** **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ड.): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**'राष्ट्रीय इस्पात नीति' के संबंध में श्री डी. कुपेन्द्र रेड्डी, संसद सदस्य द्वारा दिनांक 18.03.2020 को पूछे जाने वाले राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *266 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

---

(क) और (ख): जी नहीं। राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 के अंतर्गत क्रूड इस्पात की क्षमता वर्ष 2030-31 तक बढ़कर 300 एमटी हो जाने का अनुमान है।

(ग) से (ङ): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है। देश में इस्पात क्षेत्र के विकास के लिए सरकार की भूमिका सुविधाप्रदाता की है।

****